कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-26.06.2024

विषयः- दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मुकदमे मे वांछित अभियुक्त शोबराती उर्फ आजाद थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-438/2023 धारा 363,366,376(3) भा0द0वि0 व ¾ पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त शोबराती उर्फ आजाद पुत्र जुमाऊ निवासी भीमापार थाना सैदपुर गाजीपुर व हाल पता जयरामपुर थाना चौबेपुर वाराणसी को आज दिनांक-26.06.2024 को समय करीब 10.40 बजे सिंहपुर अंडरपास के पास थाना सारनाथ वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त शोबराती उर्फ आजाद ने पूछताछ करने पर बताया कि हम दोनों एक दूसरे से प्यार करते थे। हम दोनो साथ में भाग गए थे, जिसके सम्बंध मे थाना सारनाथ पर मुकदमा लिखा है। जब यह बात हम लोगों को पता चला तो हम लोग घर वापस आने का निर्णय किए। सुबह मुझे पता चला कि लड़की को पुलिस ने बरामद कर लिया है और उससे पूछताछ कर रही है तो डर के मारे मै अपने घर गाजीपुर जाने के लिए वाहन का इन्तजार कर रहा था कि आप लोगों ने मुझे भी पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

शोबराती उर्फ आजाद पुत्र जुमाऊ निवासी भीमापार थाना सैदपुर गाजीपुर व हाल पता जयरामपुर थाना चौबेपुर वाराणसी, उम्र करीब 21 वर्ष।

गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान- दिनांक-26.06.2024 को समय करीब 10.40 बजे सिंहपुर अंडरपास के पास थाना सारनाथ वाराणसी से।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 प्रदीप सिंह थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2- उ0नि0 सौरवपति त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।